इरकॉन पीबी टोलवे लिमिटेड

[इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेडड की एसपीवी]

सीआईएन: U45400DL2014GOI272220

दूसरी वार्षिक रिपोर्ट

(वित्तीय वर्ष : 2015-16)

बीकानेर - फलौदी राजमार्ग परियोजना (रा.रा-15)

राजस्थान राज्य

विजन एवं मिशन विवरण

विजन

राजस्थान राज्य में राष्ट्रीय राजमार्ग-15 पर बीकानेर-फलौदी खंड की राजमार्ग परियोजना के विकास के लिए कंपनी की स्थापना और विकास तथा इससे राजमार्ग परियोजना प्रयोक्ताओं के लाभ को सुनिश्चित करना और निर्मित टोल प्लाजा से उच्च राजस्व सुनिश्चित करना और कंपनी को इष्टतम समयावधि के भीतर अनुमानित परियोजना परिणामों के निर्धारित मानकों के स्तर तक पहुंचाना।

मिशन

(i) स्थल नियोजन, परियोजना गतिविधियों के अनुसूचन, भूमि के समतलीकरण व सतहीकरण तथा निर्माण की गुणवत्ता को मापने के लिए प्रणालियों के संस्थापन द्वारा निर्माण कार्य करना।

(ii) परियोजना के क्रियान्वयन और प्रचालनीकरण की उत्तरदायित्वपूर्ण मॉनीटरिंग करना।

(iii) टोल दरों पर नियंत्रण रखकर रियायत की समयावधि के दौरान राजमार्ग के संवर्धित प्रयोग को सुनिश्चित करना, जिससे सड़क पर अधिक से अधिक कारों तथा वाणिज्यिक वाहनों का आवागमन संभव हो सके तथा प्रभावपूर्ण यातायात सैंपलिंग के आधार पर टोल दरों को संशोधित करना।

(iv) अपेक्षित क्षेत्रों में लागत तथा चैनलिंग संसाधनों में कमी करना।

~~~~~***~~~~~

कंपनी का सृजन

कंपनी का शिलान्यास 30 सितंबर 2014 को किया गया था

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के साथ रियायत करार के अनुसार रियायतग्राही के रूप में निगमित

व्यावसायिक उद्देश्य

राजस्थान राज्य में निर्माण, प्रचालन, और हस्तांतरण (बीओटी) (टोल) पर राष्ट्रीय राजमार्ग-15 के किमी 4.200 से किमी 55.250 तक चार लेन तथा किमी 55.250 से किमी 163.500 तक पेव्ड शोल्डर सहित दो लेन के रूप में मौजूदा बीकानेर तथा फलौदी खंड का चौड़ीकरण तथा सुदृढ़ीकरण

रियायत अवधि : 26 वर्ष

दिनांक 07.11.2014 को हस्ताक्षरित रियायत करार के माध्यम से परियोजना के निर्माण, प्रचालन और अनुरक्षण के लिए विशिष्ट अधिकार, लाइसेंस और प्राधिकार के रूप में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) द्वारा रियायत प्रदान की गई है।

वित्तीय समापन और नियुक्ति तिथि

वित्तीय समापन प्राप्त करने की तिथि: 30.04.2015
(प्रमुख ऋणदाता के साथ ऋण करार पर हस्ताक्षर की तिथि)

एनएचएआई द्वारा अधिसूचित नियुक्ति तिथि: 14.10.2015
(बीकानेर-फलौदी परियोजना स्थल पर निर्माण गतिविधियों के आरंभ होने की तिथि)

वर्तमान परियोजना स्थिति

विकास अवधि (चरण): आरंभिक परियोजना सिविल कार्य

निर्माण/प्रचालन अवधि: नियुक्ति-पूर्व तिथि

~~~~***~~~~~

इरकॉन पीबी टोलवे लिमिटेड के निदेशक मंडल

[अंशकालीन (नामिती) निदेशक]

श्री दीपक सबलोक

अध्यक्ष

डीआईएन: 03056457

पदनाम: निदेशक (परियोजना), इरकॉन



श्री अनिल जैन

डीआईएन: 05283217

पदनाम: कार्यपालक निदेशक/कार्य, इरकॉन

श्री अशोक कुमार गोयल

डीआईएन: 05308809

पदनाम: पदनाम: कार्यपालक निदेशक/परियोजना,इरकॉन

श्री ए.के.सिंह

डीआईएन: 07018776

पदनाम: महाप्रबंधक/निगमित/वित्त

इरकॉन पीबी टोलवे लिमिटेड के प्रमुख कार्यपालक

श्री अजय कुमार सिंह
मुख्य कार्यपालक अधिकारी

सुश्री तनजीत कौर
मुख्य वित्त अधिकारी

सुश्री शुदोधनी
कंपनी सचिव

इरकॉन पीबीटीएल की वित्तीय विशेषताएं

(31 **मार्च 2016 को**)

शेयर पूंजी का विवरण	राशि रूपए में
प्राधिकृत शेयर पूंजी (प्रत्येक 10 रूपए के 17,50,00,000 शेयर)	**1,75,00,00,000**
अंशदायी इक्विटी शेयर पूंजी (प्रत्येक 10 रूपए के 9,00,00,000 इक्विटी शेयर)	**90,00,00,000**
निवल परिसंपत्ति	**92,63,95,471**
आरक्षित निधि एवं अतिरेक	**2,63,95,471**

31 मार्च 2016 को इक्विटी शेयर पूंजी



अध्यक्ष का संबोधन

प्रिय गणमान्य शेयरधारकों/सदस्यों

इरकॉन पीबी टोलवे लिमिटेड (इरकॉन पीबीटीएल) की दूसरी वार्षिक साधारण बैठक में आप सभी का स्वातग करते हुए मुझे अत्यंत प्रसन्नता हो रही है। 31 मार्च 2016 को समाप्त वर्ष के लिए लेखापरीक्षित लेखों, निदेशक की रिपोर्ट तथा लेखापरीक्षक की रिपोर्ट वार्षिक रिपोर्ट सहित यह वार्षिक रिपोर्ट आपको परिपत्रित की गई है और आपकी अनुमति से मैं यह मानता हूं कि आपने इसे पढ़ लिया होगा।

परियोजना का परिचय

इरकॉन पीबी टोलवे लिमिटेड का निगमन राजस्थान राज्य में निर्माण, प्रचालन, और हस्तांतरण (बीओटी) (टोल) पर राष्ट्रीय राजमार्ग-15 के किमी 4.200 से किमी 55.250 तक चार लेन तथा किमी 55.250 से किमी 163.500 तक पेव्ड शोल्डर सहित दो लेन के रूप में मौजूदा बीकानेर तथा फलौदी खंड का चौड़ीकरण तथा सुदृढ़ीकरण के लिए किया गया है। पिछले वित्तीय वर्ष 2014-15 से आपकी कंपनी से एनएचएआई के साथ किए गए रियायत करार में निर्धारित विभिन्न शर्तों और

लक्ष्यों को पूरा करने की दृष्टि से महत्वपूर्ण प्रगति की है। आपको यह जानकर प्रसन्नता होगी कि परियोजना स्थल में निर्माण कार्य आरंभ हो गया है।

मैं आपको वर्ष 2015-16 के दौरान कंपनी की कुछ प्रमुख विशेषताओं और हाल में हुई गतिविधियों का संक्षिप्त ब्यौरा प्रस्तुत करना चाहता हूं।

अनुसूचित निर्माण अवधि

परियोजना के इसके आरंभ होने की तिथि यथा 14.10.2015 से 910 दिनों के भीतर यथा 11.04.2018 तक पूरा किए जाने का कार्यक्रम है और निर्माण कार्य अनुसूची के अनुसार प्रगतिरत है।

राजस्व अनुमान

परियोजना की अनुमानित आरंभिक प्रतिफल दर (आईआरआर) 14.59% है और रियायत अवधि 26 वर्ष है।

परियोजना की प्रगति

एक एसपीवी होने के कारण इरकॉन पीबीटीएल को अनेक रियायत उन्मुखी दायित्वों को निष्पादित करना आवश्यक होता है, इस क्षेत्र में अब तक की उपलब्धियां इस प्रकार हैं:-

1. दिनांक 30.04.2015 को वित्तीय समापन प्राप्त किया गया है।
2. परियोजना स्थल पर निर्माण गतिविधियों को आरंभ करने की तिथि के रूप में दिनांक 14.10.2015 को एनएचएआई द्वारा नियुक्ति तिथि की घोषणा।
3. सड़का निर्माण के निष्पादन का कार्य मैसर्स इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड को सौंपा गया था और अब तक 114.30 करोड़ रूपए की वित्तीय प्रगति प्राप्त की गई है।
4. एनएचएआई के साथ किए गए रियायत करार के प्रथम लक्ष्य यथा परियोजना लागत के 10 प्रतिशत को पूरा करने के लक्ष्य को प्राप्त कर लिया गया है।

वित्तीय और प्रचालनिक स्थिति

कंपनी की प्राधिकृत शेयर पूंजी 175 करोड़ रूपए है और दिनांक 31.03.2016 को प्रदत्त शेयर पूंजी 90 करोड़ रूपए है। इसके अतिरिक्त, परियोजना में 50 करोड़ रूपए की इक्विटी सहायता को

शामिल किया गया है, जिससे दिनांक 22.07.2016 को कंपनी की प्रदत्त शेयर पूंजी 140 करोड़ रूपए हो गई है।

अनुपालन और प्रकटन

कंपनी अधिनियम, 2013 तथा इसके अंतर्गत इसके संबंधित नियमों के अंतर्गत अनुपालन और प्रकटनों का पूर्ण रूप से अनुपालन किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त, कंपनी लोक उपक्रम विभाग (डीईपी) द्वारा जारी निगमित शासन पर दिशानिर्देशों का अनुपालन कर रही है।

समझौता ज्ञापन (एमओयू)

आगे यह भी नोट किया जाए कि आपकी कंपनी ने दिनांक 26.07.2016 को धारक कंपनी इरकॉन के साथ पहले समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं और इसके प्रति पूर्णत प्रतिबद्ध है।

समापन टिप्पणियां

मैं इन शब्दों के साथ अपने संबोधन का समापन करता हूं कि इरकॉन पीबीटीएल, इरकॉन द्वारा निर्मित एसपीवी के रूप में निर्धारित समय सीमा में इस परियोजना को पूरा करने के प्रति सर्वोत्तम प्रयास करेगी और सर्वेश्रेष्ठ औद्योगिक पद्धितियों और प्रक्रियाओं के अनुसरण के प्रति प्रतिबद्ध रहेगी।

आभारोक्ति

मैं धारक कंपनी, इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड, कंपनी के लेखापरीक्षकों और कंपनी के मूल्यवान ग्राहकों यथा एनएचएआई द्वारा कंपनी को निरंतर समर्थन और सहयोग तथा वित्तीय और प्रशासनिक सहायता प्रदान करने के लिए हार्दिक धन्यवाद तथा आभाग प्रकट करता हूं।

इरकॉन पीबी टोलवे लिमिटेड हेतु तथा की ओर से

ह0/-

दीपक सबलोक

अध्यक्ष

डीआईएन: 03056457

दिनांक: 27.09.2016

स्थान: नई दिल्ली

इरकॉन पीबीटीएल की वार्षिक रिपोर्ट की विषयवस्तु

क्र.सं	विवरण	नोट सं.	पृष्ठ सं
1.	**निदेशक की रिपोर्ट**		**11 to 63**
2.	**लेखापरीक्षक की रिपोर्ट**		**64 to 76**
3.	**वार्षिक वित्तीय विवरण** (2015-16)		
	➢ **तुलन पत्र**		**78**
	➢ **लाभ और हानि विवरण**		**79**
	➢ **रोकड़ प्रवाह विवरण**		**80**
	➢ **महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियां**	**1**	**81 to 86**
	➢ **लेखों के नोट**	**2 से17**	**87** से **97**
	➢ **वित्तीय विवरण के भाग के रूप में नोट**	**18**	**98** से **101**
4.	**नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक की टिप्पणियां**		**102** से 103

निदेशक की रिपोर्ट

(वित्तीय वर्ष 2015 – 2016)

निदेशक की रिपोर्ट

कंपनी के सदस्यों

आपके निदेशकों को 31 मार्च 2016 को समाप्त वर्ष के लिए कंपनी के व्यवसाय तथा प्रचालनों व लेखों पर अपनी दूसरी रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए हर्ष हो रहा है।

क. कंपनी का व्यवसाय प्रचालन

इरकॉन पीबीटीएल का निगमन दिनांक 30.09.2014 को इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड ("इरकॉन") द्वारा एक एसपीवी के रूप में हुए है और दिनांक 21.09.2015 को इसकी पहली वार्षिक साधारण बैठक का आयोजन किया गया जिसमें वर्ष 2014-15 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए प्रथम निदेशक रिपोर्ट और वार्षिक लेखे व लेखापरीक्षक रिपोर्ट तथा भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक की टिप्पणियां प्रस्तुत की गईं थीं।

कंपनी ने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के साथ हस्ताक्षरित रियायत करार में निर्धारित "शर्तगत दृष्टांत" के साथ अनुपालन करने के लिए रियायतग्राही के रूप में कार्य करते हुए, तथा राजस्थान राज्य में राष्ट्रीय राजमार्ग-15 पर बीकानेर-फलैदी परियोजना के निष्पादन हेतु, पिछले वित्तीय वर्ष 2014-15 के समापन से विविध उपलब्धियां प्राप्त की हैं और निम्नानुसार व्यापक व्यवसाय प्रगति की है:

(i) **वित्तीय समापन:** इरकॉन लिए गए 352 करोड़ रूपए की राशि के लिए ऋण करार के निष्पादन के प्रावधान के लिए रियायत करार पर हस्ताक्षर करने की तिथि से 180 दिनों के भीतर वित्तीय समापन को प्राप्त करना अपेक्षित है। इसे रियायतग्राही द्वारा ऋण निधियों को

प्राप्त करने के आश्वासन के लिए इरकॉन पीबीटीएल तथा इरकॉन के बीच निष्पादित ऋण करार को प्रस्तुत करने की तिथि के रूप में दिनांक 30.04.2015 को प्राप्त किया गया था (इरकॉन पीबीटीएल द्वारा इरकॉनको प्रस्तुत किए जाने के लिए निर्धारित अनुसूची के आधार पर)।

(ii) **एस्क्रो और प्रतिस्थापन करार का निष्पादन:** एस्क्रो और प्रतिस्थापन करार का निष्पादन क्रमश: दिनांक 10 अगस्त 2015 तथा 16 जुलाई 2015 को किया गया था, ताकि इससे सभी आहरणों और डिपॉजिटों को प्रभावी बनाने के लिए एस्क्रा बैंक खाते की स्थापना की जा सके और रियायतग्राही के रूप में अपेक्षित अन्य निबंधन और शर्तों का अनुपालन किया जा सके।

(iii) **निर्धारित तिथि:** एनएचएआई ने बीकानेर-फलौदी परियोजना स्थन में "निर्माण गतिविधियों को आरंभ करने" के लिए दिनांक 14.10.2015 को नियुक्ति तिथि के रूप में घोषित किया है। तद्नुसार निर्माण कार्य आरंभ हो गया है और ईपीसी ठेकेदार - इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड (इरकॉन) द्वारा निरंतर गति से सड़क निर्माण सामग्री को बिछाने, खुदाई और नीव का कार्य किया जा रहा है।

(iv) **पूंजीगत प्रगतिरत कार्य (पूंजी डब्ल्यूआईपी):** कंपनी में व्यापक स्तर पर प्रगतिरत कार्य हैं और दिनांक 31.03.2016 को इसे तुलन पत्र में पूंजीकृत किया गया है। इसके अतिरिक्त, वित्तीय वर्ष 2016-17 तथा 2017-18 के लिए पूंजी डब्ल्यूआईपी का अनुमान अप्रैल 2018 तक समाप्त होने वाले संभावित अनुसूचित कार्य के अनुसार निर्धारित किया गया है। इसके आंकड़े निम्नानुसार हैं:

(राशि करोड़ रूपए में)

वित्तीय व्यय (निर्माण चरण के दौरान पूंजीगत व्यय)	**वित्तीय वर्ष : 15-16 (वास्तविक आंकड़े)**	**वित्तीय वर्ष : 16-17**	**वित्तीय वर्ष : 17-18**
		(अनुमानित)	
पूंजीगत प्रगतिरत कार्य	45.89	250	548.11

क. वित्तीय निष्पादन

चूंकि बीकानेर-फलौदी परियोजना स्थल में निर्माण कार्य के निर्धारित तिथि (14.10.2015) से 2.5 वर्षों के भीतर अर्थात 11.04.2018 तक पूरा होने की संभावना है, परियोजना प्रचालनों (टर्नओवर) से आय, निर्माण पूरा होने के पश्चात आरंभ होगी।

वर्तमान में, कंपनी को सावधि जमा राशियों पर ब्याज आय प्राप्त हो रही है और दिनांक 31.03.2016 को इसकी निवल परिसंपत्ति 92,63,95,471/- रूपए हो गई है जो दिनांक 31.03.2015 में केवल 3,91,42,702/- रूपए थी और इसमें 88,72,52,769/- रूपए की वृद्धि हुई है।

दिनांक 31.03.2015 को समाप्त पिछले वित्तीय वर्ष से कंपनी की तुलनात्मक वित्तीय निष्पादन को निम्नानुसार प्रस्तुत किया गया है:

तालिका I : तुलनात्मक वित्तीय निष्पादन (वि.व: 2015-16 बनाम वि.व: 2014-15)

(राशि रूपए में)

क्र.सं	**विवरण**	**31.03.2016 को समाप्त वित्तीय वर्ष हेतु**	**31.03.2015 को समाप्त वित्तीय वर्ष हेतु**
		लेखापरीक्षित आंकड़े	
1.	प्रचालनों से आय	-	-
2.	अन्य आय	5,78,32,722	10,94,403
3.	**कुल आय (1 + 2)**	**5,78,32,722**	**10,94,403**
4.	कुल व्यय	17,59,204	1,58,64,318
5.	कर पूर्व लाभ (3-4)	5,60,73,518	(1,47,69,915)
6.	कर व्यय	1,88,20,749	(39,12,617)
7.	**कर पश्चात लाभ (पीएटी)**	**3,72,52,769**	**(1,08,57,298)**
8.	**निवल संपत्ति***	**92,63,95,471**	**3,91,42,702**
9.	**प्रति शेयर आमदनी**	**0.45**	**(2.17)**

क. परियोजना रोकड़ प्रवाह

वर्ष के दौरान परियोजना गतिविधियों से सृजित रोकड़ प्रवाह निम्नानुसार है:-

तालिका I: व्यावसायिक गतिविधियों से रोकड़ प्रवाह (वित्त वर्ष : 2014-15)

(रूपए करोड़ में)

क्र.सं.	**विवरण**	**राशि**	
1.	**प्रचालनिक गतिविधियों से रोकड़ प्रवाह**		
	कर पूर्व निवल लाभ और असाधारण मदें	5,60,73,518	
	समायोजन:-		
	गैर प्रचालनिक आय और व्यय	- 5,70,44,781	
	कार्यशील पूंजी परिवर्तन	16,77,88,227	
	प्रदत्त कर	-1,17,84,613	
	प्रचालनों से सृजित रोकड़ (क)		**15,50,32,351**
2.	**निवेश गतिविधियों से रोकड़ प्रवाह**		
	स्थिर परिसंपत्तियों की खरीद (पूंजीगत डब्ल्यूआईपी)	- 45,89,58,256	
	प्राप्त ब्याज	5,78,32,722	
	निवेश से अर्जित रोकड़(ख)		**- 40,11,25,534**
3.	**वित्तपोषण गतिविधियों से रोकड़ प्रवाह**		
	शेयर पूंजी	85,00,00,000	
	शेयर आवेदन राशि	- 85,00,00,000	
	वित्तपोषण स्रोतों से अर्जित रोकड़ (ग)		**शून्य**
	सृजिज कुल रोकड़ प्रवाह (क) + (ख) + (ग)		**- 24,60,93,183**

उपर्युक्त तालिका स्पष्ट रूप से कंपनी के वित्तीय विवरणों के भाग के रूप में रोकड़ प्रवाह विवरण (एएस-3) को तैयार करने के लिए प्रयुक्त विधि के समान रूप से, **''अप्रत्यक्ष विधि''** पर आधारित वित्त वर्ष 2015-16 के लिए विभिन्न स्रोतों से उत्पन्न रोकड़ प्रवाहों को दर्शाती है।

इसलिए, वित्तीय वर्ष 2015-16 के लिए रोकड़ तथा रोकड़ समतुल्य आंकड़े कम होकर 24,60,93,183/- रूपए हो गए हैं, जनमें एस्क्रो बैंक खातों और इसके उप-खातों में मौजूदा शेष राशि 1,53,76,546/-

रूपए तथा सावधि जमा खातों में 62,27,53,823/- रूपए हैं जो एनएचएआई के साथ निष्पादित एस्क्रो करार की शर्तों के अनुसार निर्धारित शेष के भाग हैं।

क. पूंजीगत संरचना

844 करोड़ रूपए की कुल परियोजना लागत (टीपीसी) के वित्तपोषण के संबंध में यथानुमोदित कंपनी की पूंजीगत संरचना को 165 करोड़ रूपए की इक्विटी शेयर पूंजी, 352 करोड़ रूपए के ऋण तथा एनएचएआई से 327 करोड़ रूपए के अनुदान में विभाजित किया गया है।

आज की तिथि को, इक्विटी शेयर पूंजी 140 करोड़ रूपए है (175 करोड़ रूपए के कुल प्राधिकृत शेयर पूंजी में से), जिसमें ऋण और अनुदान शून्य हैं। कंपनी की इक्विटी और ऋण की संरचना निम्नानुसार है:-

तालिका IIII: इरकॉन पीबीटीएल

(31.07.2016 को)

क्र.सं	**विवरण**	**रूपए करोड़ में**	
		कुल अनुमोदित	**अब तक प्राप्त**
कुल परियोजना लागत: 844 करोड़ रूपए			
प्राधिकृत शेयर पूंजी : 175 करोड़ रूपए			
1.	जारी, अंशदान तथा प्रदत्त इक्विटी शेयर पूंजी	165	140
2.	ऋण पूंजी	352	शून्य
3.	**कुल पूंजी (1 + 2)**	**517**	**140**
4.	**एनएचएआई अनुदान (शर्तगत इक्विटी सहायता)**	**327**	**शून्य**
5.	**कुल राशि (3+4)**	**844**	**140**

ङ. प्रबंधन विचारविमर्श और विश्लेषण रिपोर्ट (एमडीएआर)

प्रबंधन विचारविमर्श और विश्लेषण रिपोर्ट को निदेशक की रिपोर्ट के अनुबंध-। के रूप में प्रस्तुत किया गया है।

च. निदेशक और प्रमुख कार्मिक

कंपनी के प्रबंधन का कार्य कंपनी के निदेशक मंडल के रूप में चार गैर-कार्यपालक नामिती निदेशकों और तीन प्रमुख कार्मिकों द्वारा किया जा रहा है जिनका ब्यौरा निम्नानुसार है:

निदेशक मंडल

क्र.सं	निदेशक	**नियुक्ति की तिथि**	**डीआईएन/पीएएन सं.**
1.	श्री दीपक सबलोक, अंशकालीन अध्यक्ष	30.09.2014	03056457
2.	श्री अनिल जैन, अंशकालीन निदेशक	30.09.2014	05283217
3.	श्री अशोक कुमार गोयल, अंशकालीन निदेशक	30.09.2014	05308809
4.	श्री ए.के.सिंह, अंशकालीन निदेशक*	21.07.2016	07018776

* इरकॉन पीबीटीएल ने अपनी धारक कंपनी, इरकॉन से अनुरोध किया है कि इसके बोर्ड की लेखापरीक्षा और नामांकन तथा पारिश्रमिक समितियों के गठन के लिए वित्तीय क्षेत्र के निदेशक को नामित किया जाए। तद्नुसार, इरकॉन ने अपनी 228वीं बोर्ड बैठक में मद सं. 72/16 के तहत इरकॉन पीबीटीएल के बोर्ड में अंशकालीन निदेशक के रूप में श्री ए.के.सिंह को नामित किया है।

श्री ए.के.सिंह ने वित्तीय ज्ञान प्राप्त अंशकालीन निदेशक के रूप में कार्य करने के लिए फॉर्म डीआईआर-2 में निदेशक के पद पर कार्य करने की उनकी सहमति की प्राप्ति की तिथि यथा 21.07.2016 से इरकॉन पीबीटीएल के बोर्ड में कार्यभार ग्रहण कर लिया है।

प्रमुख कार्मिक

क्र.सं	कंपनी के प्रमुख कार्मिक	**नियुक्ति की तिथि**	**डीआईएन/पीएएन सं.**
1.	श्री ए.के.सिंह, मुख्य कार्यपालक अधिकारी	27.02.2015	03056457
2.	सुश्री तनजीत कौर, मुख्य वित्तीय अधिकारी	07.11.2014	05283217
3.	सुश्री सुदोधनी, कंपनी सचिव	17.03.2015	CLPPS8601B

छ. निदेशक के उत्तरदायित्व का विवरण (डीआरएस)

(कंपनी अधिनियम, 2013 के अनुच्छेद 134(3)(ग) के अनुसरण में)

कंपनी अधिनियम 2013 के अनुच्छेद 134(5) के अनुसार, निदेशक मंडल यह पुष्टि करता है कि:

क) वार्षिक लेखे तैयार करने में सामग्री विचलनों से संबंधित उचित स्पष्टीकरण सहित लागू लेखाकरण मानकों का पालन किया गया है।

ख) निदेशकों द्वारा ऐसी लेखाकरण नीतियों का चयन किया गया है और निरंतर लागू किया गया है और ऐसे निर्णय लिए और अनुमान तैयार किए गए थे जो तर्कसंगत और विवकपूर्ण थे ताकि वर्ष के अंत में कंपनी की कार्य स्थिति तथा उक्त अवधि के लिए कंपनी के लाभ का सही एवं वास्तविक चित्र प्रस्तुत हो सके।

ग) निदेशकों द्वारा परिसंपत्तियों की सुरक्षा करने तथा छल-कपट और अन्य अनियमितताओं को रोकने तथा उनका पता लगाने के लिए इस अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार लेखाकरण अभिलेखों के पर्याप्त रखरखाव के लिए उचित एवं पर्याप्त सावधानी बरती गई है।

घ) निदेशकों ने वार्षिक लेखे ''निरंतर'' आधार पर तैयार किए हैं।

ङ) निदेशकों ने यह सुनिश्चित करने के लिए उचित प्रणालियां तैयार की हैं कि सभी लागू कानूनों के प्रावधानों का अनुपालन किया जाए और कि इस प्रकार की प्रणालियां पर्याप्त और प्रभावपूर्ण रूप से प्रचालनिक थीं।

ज. अनुच्छेद 149(6) के अंतर्गत स्वतंत्र निदेशकों द्वारा घोषणा

कंपनी (निदेशकों की नियुक्ति और अर्हताएं) नियम,22014 के नियम 4 के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 2013 के अनुच्छेद 149(4) के अनुसरण में, 10 लाख या अधिक की प्रदत्त शेयर पूंजी वाली कंपनी (नवीनतम लेखापरीक्षित वित्तीय विवरणों के आंकड़ों के आधार पर) के लिए अपने बोर्ड में निदेशकों की कुल संख्या का कम से कम एक-तिहानी स्वतंत्र निदेशकों के रूप में नियुक्ति करना अपेक्षित है।

इरकॉन पीबीटीएल की 31 मार्च 2015 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए प्रदत्त शेयर पूंजी 5 करोड़ रूपए है। वित्तीय वर्ष 2015-16 के दौरान, संबंधित नियमों के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 2013 के अनुच्छेद 62(1)(क) के अंतर्गत कंपनी के प्रथम राइट इश्यु के माध्यम से इरकॉन को 8.50 करोड़ इकिवटी शेयरों के आवंटन कंपनी की प्रदत्त शेयर पूंजी पर 05 करोड़ रूपए से बढ़कर 90 करोड़ रूपए हो गई है। 8.50 करोड़ इक्विटी शेयरों के उक्त आवंटन को दिनांक 29.04.2015 को आयोजित बोर्ड बैठक में अनुमोदन प्रदान किया गया था।

चूंकि कंपनी के प्रदत्त शेयर पूंजी का मूल्य उस विशिष्ट वित्तीय वर्ष के लिए कंपनी के लेखापरीक्षित वित्तीय विवरणों में निहित आंकड़ों के अनुसार हैं, स्वतंत्र निदेशकों की नियुक्ति से संबंधित प्रावधान पिछले वित्तीय वर्ष 2015-16 की अवधि के दौरान लागू नहीं था क्योंकि 31.03.2015 को प्रदत्त शेयर पूंजी के लिए लेखापरीक्षित आकड़े 5 करोड़ रूपए हैं।

तदनुसार, वित्तीय वर्ष 2015-16 के लिए कंपनी के लेखापरीक्षित वार्षिक लेखों के आधार पर, स्वतंत्र निदेशकों की नियुक्ति से संबंधितय प्रावधान लागू हुए और इनका अनुपालन किया गया है।

इसके अतिरिक्ति, यह नोट किया जाए कि पिछले वित्तीय वर्श 2015-16 में 90 करोड़ रूपए की प्रदत्त शेयर पूंजी होने पर 10 करोड़ रूपए की सीमा पर करने पर इरकॉन पीबीटीएल द्वारा अपनी धारक कंपनी, इरकॉन से सक्रीय रूप से अनुरोध किया गया था कि इरकॉन पीबीटीएल के बोर्ड में स्वतंत्र निदेशकों की नियुक्ति के लिए नामांकन करे। ऐसा यह सुनिश्चित करने के लिए किया गया था कि कंपनी अधिनियम, 2013 तथा डीपीई निगमित शासन दिशानिर्देश, 2010 दोनों ही दृष्टिकोणों से सांविधिक अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए पर्याप्त अवधि को सुनिश्चित किया जा सके।

झ. अंतर निगमित ऋण और निवेश (अनुच्छेद 185 तथा अनुचछेद 186)

निदेशकों, कॉरपोरेटों तथा अन्य निकायों को ऋण तथा निवेश कंपनी अधिनियम, 2013 के अनुच्छेद 185 तथा अनुच्छेद 186 द्वारा शासित होते हैं। इन प्रावधानों में दिए जाने वाले ऋण तथा निवेश की शर्तों तथा प्रतिशत निर्धारित किया गया है।

आज की तिथि तक कंपनी ने कोई अंतरनिगमित ऋण या निवेश नहीं किया है और इस प्रकार आज की तिथि को संव्यवहार शून्य है।

ञ. प्रमोटरों की शेयरधारिता का पैटर्न

इरकॉन पीबीटीएल, इरकॉन की पूर्ण स्वामित्व वाली कंपनी, इसलिए इसकी सम्पूर्ण इक्विटी शेयरधारिता रेल मंत्रालय के अधीन एक भारत सरकार के उपक्रम यथा इसकी प्रमोटर कंपनी इरकॉन के पास है। सम्पूर्ण इक्विटी शेयर पूंजी (100%) इरकॉन और इसके 6 नामितियों के नाम पर है, जैसा कि नीचे दर्शाया गया है:

तालिका IV : इरकॉन पीबीटीएल की मौजूदा शेयरधारिता पैटर्न

शेयरधारक का नाम	**धारित इक्विटी शेयरों की संख्या**	**धारित इक्विटी शेयरों का कुल मूल्य**	**कंपनी के कुल शेयरों का प्रतिशत**
इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड और इसके 6 नामिती (प्रति 10 रूपए के 14,00,00,000 इक्विटी शेयर)	14,00,00,000	140,00,00,000	100%
कुल	**14,00,00,000**	**140,00,00,000**	**100%**

ट. वार्षिक रिपोर्ट का सार – एमजीटी-9

कंपनी (प्रबंधन तथा प्रशासन) नियम,2014 के नियम 12(1) के साथ पठित अनुच्छेद 92(3) (अधिनियम की अनिवार्य अपेक्षा) के अनुसार वार्षिक रिपोर्ट का सार **अनुबंध-।।** के रूप में संलग्न है।

ठ. संबंधित पक्ष संव्यवहार (आरपीटी)

[कंपनी (बोर्ड की बैठके और इसकी शक्तियां) नियम, 2014 के नियम 15 के साथ पठित कंपनी अधिनियम 2013 का अनुच्छेद 188 - संबंधित पक्ष के साथ संविदाएं या व्यवस्थाएं]

कंपनी के प्रमोटर, निदेशक, प्रबंधन या उनके संबंधितयों के साथ कोई सामग्रीगत महत्वपूर्ण पक्ष संव्यवहार नहीं हैं, जिनसे कंपनी के हितों के साथ संभावित गतिरोध हो सकता है। वित्तीय वर्ष 2015-16 के दौरान किए गए पक्ष संबंधी संव्यवहार आर्म लैंथ आधार पर थे और वे व्यवसाय की साधारण प्रक्रिया के रूप में थे।

दिनांक 5 सितंबर 2016 को आयोजित निदेशक मंडल की 16वीं बैठक में, बोर्ड द्वारा वित्तीय वर्ष 2015-16 के दौरान किए गए पक्ष संबंधी संव्यवहारों को नोट किया गया था।

कंपनी (लेखे) नियम, 2014 के नियम 8(2) के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 2013 के अनुच्छेद 134(3) के अनुसार अपने संबंधित पक्षों के साथ किए गए संव्यवहारों के संबंध में प्रकटन फार्म संख्या एओसी-2 में कंपनी द्वारा अनुबंध-।। के रूप में संलग्न है।

ङ. लाभांश तथा आरक्षित निधियां

आपकी कंपनी का निगमन 30 सितंबर, 2014 हुआ था और इसे 30 सितंबर 2014 से 31 मार्च 2015 तक की अवधि के लिए 1,08,57,298/- रूपए का घाटा हुआ था। वित्त वर्ष 2015-16 के लिए कंपनी ने 3,72,52,769/- रूपए (तीन करोड़ बहत्तर लाख बावन हजार सात सौ उन्हत्तर रूपए) का वितरणयोग्य लाभ प्राप्त हुए है कोई लाभ अर्जित नहीं किया है और इस प्रकार निदेशक मंडल ने उक्त वर्ष के लिए कोई लाभांश प्रस्तावित नहीं किया है।

तदनुसार, 31 मार्च 2016 को समाप्त अवधि के लिए कंपनी की आरक्षित निधि और अतिरेक स्थिति 2,63,95,471/- रूपए है जिसमें आरक्षित निधियों के सृजन के प्रति शून्य विनियोजन है।

वर्ष 2014-15 के लिए कंपनी को प्राथमिक तथा प्रशासनिक व्ययों के कारण 10857298/- रुपए की राशि के समान वित्त हानि होने के कारण उसकी आरक्षित निधि तथा सरप्लस में ऋणात्मक शेष है और कंपनी का व्यावसायिक प्रचालन वर्ष 2018 से प्रारंभ नहीं होगा।

इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए कि कंपनी के परियोजना प्रचालन वर्तमान में शून्य प्रचालनिक आय के साथ निर्माण अवस्था में हैं, कंपनी ने वित्तीय वर्ष 2015-16 के लिए किसी प्रकार के लाभांश का प्रस्ताव नहीं किया है।

ढ. जमा राशियां

कंपनी ने कंपनी अधिनियम, 2013 तथा कंपनी (जमाराशियों की स्वीकृति) नियम, 2014 के अनुसरण में अपने सदस्यों से कोई जमा राशियां आमंत्रित नहीं की हैं।

ण. पर्यावरण सुरक्षा तथा संरक्षण, ऊजा संरक्षण, प्रौद्योगिकी आमेलन, विदेशी मुद्रा अर्जन तथा आउटगो

वित्तीय वर्ष 2015-16 में राजमार्ग के निर्माण के दौरान पर्यावरण सुरक्षा और संरक्षण को सुनिश्चित करने के लिए एनएचएआई द्वारा निर्धारित अनुसार उपयुक्त और पर्याप्त उपाय किए गए हैं। रियायतग्राही के रूप में कंपनी द्वारा पूरे किए जाने की शर्त के भाग के रूप में पर्यावरण संरक्षण अधिरियम, वायु तथा जल प्रदूषण नियंत्रण अधिनियमों से संबंधित विभिन्न पर्यावरणीय कानूनों को विधिवत रूप से अनुपालन किया गया है।

विदेशी आमदनी और आउटगो को सुनिश्चित किए जाने हेतु एनएचएआई द्वारा निर्धारित उपयुक्त उपाय कंपनी पर लागू नहीं होते हैं क्योंकि कंपनी विशुद्ध रूप से एनएचएआई द्वारा प्रदान की गई बीओटी आधारित परियोजना के निष्पादन के लिए उत्तरदायी है।

त.वित्तीय विवरणों पर सांविधिक और सीएजी अनुपूरक लेखापरीक्षा

वित्तीय वर्ष 2015-16 के लिए सांविधिक लेखापरीक्षक थे मैसर्स प्रवीन अग्रवाल एंड कंपनी, सांविधिक लेखापरीक्षक, फर्म संख्या 00044एन, पंजीकृत कार्यालय - 23, भाई वीर सिंह मार्ग, गोल मार्किट, नई दिल्ली-110001 है। दिनांक 10.06.2016 के कंपनी के वित्तीय विवरणों पर सांविधिक लेखापरीक्षक रिपोर्ट में शून्य आपत्तियां थीं।

वित्तीय वर्ष 2015-16 के लेखापरीक्षित वित्तीय विवरणों पर भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक (सीएजी) द्वारा अनुपूरक लेखापरीक्षा भी की गई थी।

थ. वित्तीय विवरणों के लिए निदेशक के अवलोकन और टिप्पणियां (लेखापरीक्षकों द्वारा रिपोर्ट में की गई किसी टिप्पणी के लिए स्पष्टीकरण)

वित्तीय विवरण लेखांकन की दोहरी प्रविष्टी प्रणाली के आधार पर लेखों की वास्तविक और न्यायोचित स्थिति को दर्शाते हैं, जिसमें लाभ और हानियों को संचित आधार पर लेखांकित किया जाता है, जरनल में अंकित हरएक संव्यवहार, ट्रायल शेष का निष्पादन, त्रुटियों का शुद्धिकरण और लेखों के शेष को बही में पोस्ट किया जाता है।

कंपनी के निदेशकों ने गहनता से अपनी रिपोर्ट में सांवधिक लेखापरीक्षकों द्वारा किए गए अवलोकनों तथा टिप्पणियों के साथ वित्तीय विवरणों का गहन मूल्यांकन किया है और इसे लेखापरीक्षकों द्वारा उठाए गए शून्य अर्हताओं सहित पूर्णत: व्यवस्थित पाया है।

द. लागू कानूनों के अनुपालन पर सचिवीय लेखापरीक्षा

कंपनी (प्रबंधकीय कार्मिकों की नियुक्ति और परिश्रमिक) नियम, 2014 के नियम 9 के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 2013 के अनुच्छेद 204 के अंतर्गत उल्लिखित प्रावधानों के अनुसार वित्तीय वर्ष 2015-16 से कंपनी पर सचिवीय लेखापरीक्षा लागू हो गई है।

तद्नुसार, मैसर्स अखिल रस्तोगी एंड कंपनी, कंपनी सचिव, जिसमें श्री अखिल रस्तोगी प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता हैं जिनका सीओपी सं. 2317 तथा सदस्यता सं. 1600 है, को वित्तीय वर्ष 2015-16 के लिए सचिवीय लेखापरीक्षकों के रूप में नियुक्त किया गया है।
निर्धारित प्रारूप एमआर-3 में वित्तीय वर्ष 2015-16 के लिए सचिवीय लेखापरीक्षकों द्वारा जारी सचिवीय लेखापरीक्षा रिपोर्ट अनुबंध-IV पर संलग्न है।

ध. सचिवीय लेखापरीक्षक द्वारा की गई टिप्पणियों पर बोर्ड का उत्तर

कंपनी के निदेशक मंडल ने दिनांक 0.09.2016 को आयोजित अपनी 16वीं बैठक में वित्तीय वष्र 2015-16 के लिए कंपनी के सचिवीय लेखापरीक्षक मैसर्स अखिल रस्तोगी एंड कंपनी, कंपनी सचिव

क्षरा जारी सचिवीय लेखापरीक्षा रिपोर्ट को नोट किया हे। **बोर्ड ने सचिवीय लेखापरीक्षक द्वारा अपनी रिपोर्ट में की गई टिप्पणियों के लिए फॉर्म एमआर-3 में निम्नलिखित उत्तर प्रस्तुत किए हैं:**

1. **स्वतंत्र निदेशकों (आईडी) की नियुक्ति तथा अनिवार्य समितियों का गठन:-** बोर्ड एतदद्वारा प्रस्तुत करता है कि इरकॉन पीबीटीएल एकल परियोजना निष्पादन के लिए निर्मित एक एसपीवी है और इसलिए डीपीई निगमित शासन दिशानिर्देश, 2010 के अनुसार अनुपालन हेतु स्वतंत्र निदेशक (गैर कार्यपालक पद) की नियुक्ति के लिए धारक कंपनी को पत्र जारी किया है। इसके अतिरिक्त, क्रियाशील निदेशक की किसी नियुक्ति के लिए भी धारक कंपनी को ऐसा करने का अधिकार प्राप्त है।

   वित्तीय वर्ष 2015-16 के दौरान दिनांक 26.08.2015 को आयोजित निदेशक मंडल की 9वीं बैठक में अनिवार्य समितियों के गठन का मुद्दा उठाया गया था, और वित्तीय ज्ञान प्राप्त एक अंशकालीन निदेशक को नियुक्ति करने के निर्णय को अनुमोदन प्रदान किया गया था और इस संबंध में धारक कंपनी को अनुरोध पत्र जारी किया गया था। दिनांक 31.07.2016 को इरकॉन पीबीटीएल के बोर्ड में अंशकालीन निदेशक ने कार्यभार ग्रहण कर लिया है।

   उपर्युक्त के दृष्टिगत, बोर्ड ने कहा है कि बोर्ड द्वारा इस अनुपालन को नोट कर लिया गया है और बोर्ड के गठन तथा बोर्ड समितियों के गठन के लिए उपयुक्त उपाय किए जाएंगे।

2. **प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिक (केएमपी) के रूप में मुख्य वित्त अधिकारी (सीएफओ) की नियुक्ति:** समिति एतद्द्वारा उल्लेख करती है कि कंपनी (प्रबंधकीय कार्मिक की नियुक्ति और पारिश्रमित) नियम, 2014 के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 2013 के अनुच्छेद 203 के अंतर्गत प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिक के रूप में मुख्य वित्त अधिकारी की घोषणा की अपेक्षा, दिनांक 29.04.2015 को 90 करोड़ रूपए तक प्रदत्त शेयर पूंजी में वृद्धि होने के कारण कंपनी पर लागू हो गया था। इसके परिणामस्वरूप, बोर्ड द्वारा अनुपालन को नोट किया गया। चूंकि प्रस्ताव कंपनी में नए मुख्य वित्त अधिकारी को नियुक्त करना था, इसलिए, बोर्ड द्वारा अनुपालन को नोट किया गया था। चूंकि प्रस्ताव कंपनी में नए मुख्य वित्त अधिकारी को नियुक्त करने के लिए था, इसलिए, इस मामले को होल्ड में रखा गया था। नए मुख्य वित्त अधिकारी द्वारा त्यागपत्र दिए जाने के कारण, पिछले

मुख्य वित्त अधिकारी को प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिक के रूप में घोषित किए जाने और सांविधिक प्राधिकारी के रूप में अधिसूचित करने पर सहमति व्यक्ति की गई है।

उपर्युक्त के दृष्टिगत, बोर्ड उल्लेख करती है कि अनुमोदन हेतु और कंपनी अधिनियम, 2013 के अनुसार केएमपी के रूप में मुख्य वित्त अधिकारी की नियुक्ति के लिए इस अनुपालन को बोर्ड बैठक में प्रस्तुत किया जाना चाहिए।

3. **डीपीई को तिमाही रिपोर्टें और वार्षिक रिपोर्टें प्रस्तुत करना**:- बोर्ड एतद्द्वारा उल्लेख करता है कि निगमित शासन अनुपालन के लिए डीपीई को तिमाही और वार्षिक आधर पर रिपोर्टें प्रस्तुत करने के विषय को नोट कर लिया गया है और अगली रिपोर्टिंग अवधि से इसका अनुसरण किया जाएगा।

न. आंतरिक वित्तीय नियंत्रण और इसकी उपयुक्तता

वित्तीय विवरणों से संबंधित आंतरिक लेखांकन नियंत्रण (आईएससी) स्वीकार की जाने वाली नीतियों और प्रक्रियाओं, परिसंपत्ति प्रावधान तथा व्ययों और आयों की रिकार्डिंग (वित्तीय रिपोर्टों) के अनुसरण में अपनाए जाने वाले उचित सुरक्षा उपायों से संबंधित हैं।

कंपनी अधिनियम, 2013 के अनुच्छेद 143 तथा कंपनी (लेखा परीक्षक की रिपोर्ट) आदेश, में प्रावधान है कि लेखा परीक्षकों द्वारा व्यवसाय के आकार तथा प्रकृति से आरंभ करते हुए कंपनी में मौजूदा आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की पर्याप्तता के संबंध में अपनी लेखा परीक्षक रिपोर्ट उल्लेख किया जाएगा।

ऊपर उल्लिखित विषय के संबंध में, वित्तीय वर्ष 2015-16 से आरंभ होने वाली परियोजना के निष्पादन के लिए वर्ष 2014-15 के दौरान निगमित कंपनी के पास भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान द्वारा जारी वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की लेखपरीक्षा पर मार्गदर्शी नोट की शर्तों के अनुसार यथापेक्षित इसके सभी सामग्रीगत पहलुओं में आंतरिक वित्तीय नियंत्रण (आईएफसी) विद्यमान है, जैसा कि समान रूप से वित्तीय वर्ष 2015-16 के लिए लेखापरीक्षा रिपोर्ट में उल्लेख किया गया है। इसके अतिरिक्त, आंतरिक वित्तीय नियंत्रण के सभी अनिवार्य घटक उपयुक्त पाए गए हैं।

ऩ. जोखिम प्रबंधन

चूंकि कंपनी एक रियायतग्राह कंपनी है, जिसका गठन बीकानेर-फलौदी परियोजना के लिए इरकॉन को जारी कार्य प्रदान पत्र के अनुसरण में किया गया है, निम्नलिखित के माध्यम से विधिवत रूप से परियोजना से संबंधित जोखिम तत्व को शामिल किया गया है:

(i) एनएचएआई द्वारा आकलित और अनुमोदित अनुसार परियोजना वित्तपोषण किया गया है।

(ii) एस्क्रो और प्रतिस्थापन करार - एस्क्रो बैंक खाते से सभी परियोजना संबंधी जमा राशियां व आहरणों का समेकन आर रियायतग्राही के रूप में अन्य कंपनी का प्रतिस्थापन, यदि इरकॉन पीबीटीएल द्वारा चूक की जाती है।

(iii) कंपनी द्वारा नियमित रूप से निर्माण की विधिवत मॉनीटरिंग की जाती है।

इसके अनुक्रम में, कंपनी को होने वाले जोखिम के तत्वों की पहचान करने के लिए, जैसा कि पिछली बोर्ड रिपोर्ट में कहा गया है, ''जोखिम प्रबंधन नीति'' की उपस्थिति के महत्व को ध्यान में रखते हुए कंपनी ने संभावित विलंबों सहित 2.50 वर्षों की अनुमानित निर्माण अवधि निर्धारित की है जिसमें 3 वर्ष की मोराटोरियम अवधि रखी गई है, प्रधान राशि तथा ऋण का पुनर्भुगतान अप्रैल, 2018 से पूर्व आरंभ (ऋण सेवा हेतु) नहीं होगा। और परियोजना लागत में वृद्धि होने की स्थिति में एनएचआई की सहायता उपलब्ध होगी।

कंपनी ने टोल दरों, प्रचालकों से संभावित राजस्वों तथा रियायत अवधि के लिए अनुमानित शुद्ध लाभ का निर्धारण करते हुए एक वित्तीय मॉडल विकसित किया है। इसी तर्ज पर, व्यवसाय की लाभप्रदता को प्रभावित करने वाली टोल दरों में संशोधन समय आधार पर किया जाएगा तथा बजटीय अनुमानों से परिवर्तनों का परिकलन किया जाएगा और इन्हें नियंत्रित करने के लिए उपाय किए जाएंगे।

कंपनी द्वारा कतिपय जोखिम प्रबंधन मापदण्ड चिह्नित किए गए हैं जिनका ब्यौरा निम्नानुसार है:-

तालिका III: परियोजना से संबंधित जोखित तत्व

क्र.सं	**जोखिम तत्व**	**विवरण**
1	निर्माण अवधि	प्रचालनों की अनुसूचित वाणिज्यिक तिथि (सीओडी) में विलंब सहित नियंत्रित किए जाने वाले प्रमुख कारक निमाण अवधि में

		विलंब है।
2	ऋण सेवा अनुपात	कंपनी को त्रुटि के जोखिम को कम करने के लिए समय पर ऋण के पुनर्भुगतान सुनिश्चित करना चाहिए।
3	यातयात संबंधित राजस्व जोखिम	वाणिज्यिक यातायात से राजस्व संभाव्यता अधिक है किन्तु यह आर्थिक चक्रों में उच्चावचन के मद्देनजर है।

परियोजना स्थल पर कार्य की प्रगति की विस्तृत मॉनीटरिंग और वांछित कार्यनिष्पादन के लिए आवश्यक जोखिम नियंत्रण के मूल्यांकन के पश्चात एक विस्तृत जोखिम प्रबंधन नीति तैयार की जाएगा और उसे क्रियात्मक बनाया जाएगा।

प. कर्मचारी पारिश्रमिक पर प्रकटन

कंपनी (प्रबंधकीय कार्मिक की नियुक्ति और पारिश्रमिक) नियम, 2014 तथा कंपनी अधिनियम, 2013 के अनुच्छेद-197 के अनुसरण में, कंपनी के किसी भी कार्मिक को प्रति वर्ष 60 लाख रूपए या प्रति माह 5,00,000/- रूपए से अधिक का पारिश्रमिक प्राप्त नहीं हुआ था।

फ. निगमित शासन पर रिपोर्ट

निगमित शासन पर रिपोर्ट को इस रिपोर्ट के अनुबंध-V के रूप में संलग्न किया गया है।

ब. आंतरिक लेखापरीक्षक

कंपनी (लेखा) नियम, 2014 के नियम 13 के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 2013 के अनच्छेद 138 के अनुसार, पूर्ववर्ती वित्तीय वर्ष के दौरान 50 करोड़ रूपए या अधिक की प्रदत्त शेयर पूंजी वाली कंपनियों को एक आंतरिक लेखापरीक्षक नियुक्त करना अपेक्षित है।

वित्तीय वर्ष 2015-16 में आंतरिक लेखापरीक्षक नियुक्त करने की अपेक्षा पूर्व वित्तीय वर्ष 2014-15 के दौरान 5 करोड़ रूपए की प्रदत्त शेयर पूंजी वाली कंपनी पर सांविधिक रूप से लागू नहीं थी। किन्तु, चूंकि इरकॉन को 8.50 करोड़ इक्विटी शेयरों के आवंटन के के कारण कंपनी की प्रदत्त शेयर पूंजी 50 करोड़ रूपए की अंतिम सीमा से अधिक हो गई थी, और प्रदत्त शेयर पूंजी 90 करोड़ हो गई थी, तथा इसकी सूचना कंपनियों के रजिस्ट्रार को प्रदान की गई, आंतरिक लेखापरीक्षक की नियुक्ति की गई थी। मैसर्स बंसल सिन्हा एंड कंपनी, जिसका कार्यालय 18/19, ओल्ड राजिन्द्र नगर, नई दिल्ली-110060 है, को कंपनी के हितों की सुरक्षा के लिए वित्तीय वर्ष 2015-16 के लिए कंपनी के आंतरिक लेखापरीक्षक के रूप में नियुक्त किया गया था।

भ. सांविधिक लेखापरीक्षक (वित्तीय वर्ष: 16-17)

भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक द्वारा नियुक्त कंपनी के सांविधिक लेखापरीक्षक के रूप में वित्तीय वर्ष 2016-17 के लिए मैसर्स प्रवीन अग्रवाल एंड कंपनी, संनदी लेखाकार, फर्म पंजीकरण सं. 000044एन, पंजीकृत कार्यालय- 23, भाई वीर सिंह मार्ग, कोल मार्किट, नई दिल्ली-110001
को नियुक्त किया गया है।

म. कंपनी के बैंकर

इंडियन ओवरसीज बैंक (आईसीबी), जिसका शाखा कार्यालय: प्रथम तल, बालिका भवन, ब्लॉक बी, सेक्टर 13, आर के पुरम, नई दिल्ली-110066 में है, कंपनी के नाम पर चालू खाता, एस्क्रो खाता खोलने और साविधि जमा (एफडी) के अनुरक्षण की सेवाएं उपलब्ध कराने की दृष्टि से कंपनी के लिए एकमात्र बैंकिंग साक्षेदार के रूप में कार्य कर रहा है।

य. सहायक, संबद्ध और संयुक्त उद्यम कंपनियां

आज की तिथि को कंपनी की कोई सहायक, संबद्ध या संयुक्त उद्यम कंपनी नहीं है।

र. समझौता ज्ञापन (एमओयू)

वित्तीय वर्ष 2016-17 के लिए धारक कंपनी इरकॉन इंटरनेशनल (इरकॉन) के साथ दिनांक 26.07.2016 को समझौता ज्ञापन (एमओयू) में हस्ताक्षर किए गए थे, जिसमें पूंजीगत व्यय, नीव के लिए खुदाई कार्य के पूरा होने, डब्ल्यूएमएम और डीबीएम की दृष्टि से निष्पादन मूल्यांकन मापदंड को निर्धारित किया गया है।

ऱ. कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न(निवारण, निषेध एवं निदान)अधिनियम, 2013 के अंतर्गत प्रकटन

कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न(निवारण, निषेध एवं निदान)अधिनियम, 2013 के अंतर्गत प्रकटन महिला कर्मचारियों वाले प्रत्येक संगठन पर लाग होता है। यदि एक संगठन में कुल कर्मचारियों की संख्या 10 से अधिक है तो, उक्त अधिनियम के अनुच्छेद 4 की शर्तों के अंतर्गत **"आंतरिक शिकायत समिति"** का गठन अपेक्षित है।

इरकॉन पीबीटीएल में कर्मचारियों की संख्या वित्तीय वर्ष 2015-16 की चौथी तिमाही में 10 की निर्धारित सीमा को पार कर गई है, जहां बीकानेर-फलौदी परियोजना के पर्यवेक्षण, गुणवत्ता नियंत्रण और स्थल प्रबंधन के लिए प्रतिनियुक्ति आधार पर अनुभवी अधिकारियों और कर्मचारियों को तैनात करना वांछनीय था।

तदनुसार, यह देखते हुए कि कर्मचारियों की संख्या सीमा से अधिक हो गई है और निदेशक मंडल की विधिवत रूप से आयोजित बैठक में समिति के गठन की आवश्यकताओं का आकलन करने पर वित्तीय वर्ष 2016-17 के दौरान "**आंतरिक शिकायत समिति**" का गठन किया जाएगा।

ल. वित्तीय वर्ष के समापन की तिथि से एजीएम की रिपोर्ट की तिथि तक सामग्रीगत परिवर्तनों और प्रभावित प्रतिबद्धताओं का ब्यौरा

तुलनपत्र-पश्चात तिथि को किए गए कतिपय अनिवार्य व्यवसायिक मुद्दों को निम्नानुसार प्रस्तुत किया गया है:

क्र.सं	विवरण	विवरण
1.	इरकॉन को जारी 5 करोड़ इक्विटी शेयरों को जारी करना व उनका आवंटन	फेस वेल्यू पर राइट आधार पर इरकॉन को आवंटित 5,0,00,000 इक्विटी शेयर
2.	ऋण भुगतान अनुसूची	अपेक्षित ऋण के लिए अनुमोदन
3.	पी एफ पंजीकरण	प्रगतिरत कार्य
4.	ईपीसी करार का परिशिष्ट	भुगतान प्रक्रिया में परिवर्तनों को शामिल करने के लिए ईपीसी करार में आशोधन किया गया है।

ळ. *शेयरधारकों के लिए सामान्य सूचना*

(i) प्रमुख नीतियां और विनियमन:-

कंपनी अपने अधिकारियों को शक्तियों के प्रत्यायोजन तथा उनकी संबंधित क्षमताओं में कार्मिकों को प्राधिकृत करने की दृष्टि से धारक कंपनी - इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड द्वारा की जा रही नीतियों की तर्ज पर नीतियों का अनुसरण करती है।

कंपनी के बोर्ड में निदेशकों को नियुक्त करने की शक्ति धारक कंपनी- इरकॉन के पास है, केवल अतिरिकत, वैकल्पिक या नैमेतिक निदेशकों को छोड़कर। इसके अतिरिक्त, कंपनी के संगम अनुच्छेद के अनुच्छेद 59 के अनुसार अध्यक्ष कंपनी के किसी महत्वपूर्ण विषयों पर धारक कंपनी - इरकॉन का निर्णय मान्य होगा, जिसे अध्यक्ष महसूस करे कि धारक कंपनी द्वारा निर्णय लिया जाना है।

(ii) लेखापरीक्षित वार्षिक वित्तीय परिणाम

31 मार्च 2016 को समाप्त वर्ष के लिए लेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों तथा रोकड़ प्रवाह विवरण को, इस वार्षिक रिपोर्ट में उपलब्ध अनुसार 10 जून 2016 को आयोजित अपनी बैठक पर निदेशक मंडल द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई थी।

(iii) सीईओ और सीएफओ प्रमाणन

प्रमुख कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) - श्री ए.के.सिंह तथा मुख्य वित्त अधिकारी (सीएफओ) - सुश्री तंजित कौर ने प्रमाणित किया है कि कंपनी के वित्तीय विवरण कंपनी के मामलों की सही और वास्तविक स्थिति को प्रदर्शित करता है और सभी सामग्रीगत सूचनाएं उपलब्ध कराता है। उक्त प्रमाणपत्र **अनुबंध-V।** के रूप में संलग्न है।

इरकॉन पीबी टोलवे लिमिटेड के
निदेशक मंडल हेतु तथा की ओर से

ह/-
दीपक सबलोक
अध्यक्ष
डीआईएन: 03056457

दिनांक : 05.09.2016
स्थान : नई दिल्ली

अनुबंध – I

प्रबंधन विचारविमर्श और विश्लेषण रिपोर्ट (एमडीएआर)

(i) औद्योगिक संरचना और विकास

सड़कों और राजमार्गों के निर्माण के संबंध में पिछले कुछ वर्षों में निर्माण उद्योग और अधिक विकास और पूंजी अंशदान की ओर बढा है जिसके कारण एनएचएआई द्वारा प्रदान किए अनुसार बीओटी आधार पर ऐसी परियोजनाओं को विकसित और प्रचालित किया जा रहा है।

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ऐसी परियोजनाएं प्रदान कर रहा है जिससे निवेशक तथा ठेकेदार, अन्य उद्योगों, जहां सेवा प्रदाताओं के रूप में विकल्पों की उपलब्धता के साथ मांग और आपूर्ति कारक विद्यमान हैं, की तुलना में क्षेत्र के यातायात के आकलन के आधार पर घाटे या अनिश्चितताओं के कम जोखिम के साथ निरंतर आय अर्जित कर सकते हैं। यहां, जब ऐसी परियोजनाएं प्रदान की जाती हैं, वहां परियोजना के निष्पादन के लिए विश्वसनियता और वित्तीय स्थिति के अनुसार पक्षों को स्वीकृति पत्र जारी करने से पूर्व इनका सूक्ष्म रूप से मूल्यांकन किया जाता है, जिससे कि ऐसी परियोजनाओं से अनुमानित आमदनियां बाजार के उतार-चढाव से कम प्रभावित होंगी।

इस प्रकार, एनएचपीडी-चरण IV के अग्रणी कार्यक्रम के अंतर्गत एनएचएआई ने देश में राष्ट्रीय राजमार्गों (एनएच) के विकास और विस्तार की चुनौती ली है। इस योजना को क्रियान्वित करने के लिए राजस्थान राज्य में बीकानेर-फलौदी खंड (एनएच-15) के चौड़ीकरण और सुदृढीकरण का कार्य करने के लिए एनएचएआई द्वारा निविदा फ्लोट की गई थी जिसमें इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड (इरकॉन - 100% धारक कंपनी) ने भाग लिया और निष्पादन के लिए यह निविदा प्राप्त की तथा इरकॉन पीबी टोलवे लिमिटेड नामक एसपीवी का निर्माण किया। औद्योगिक रूझानों पर आधारित इस परियोजना में विकास की संभावनाएं हैं और अर्थव्यवस्था में विद्यमान मुद्रास्फीति दरों के सापेक्ष में राजमार्ग ग्राहकों से भारी एकत्रण की संवर्धित संभावनाएं हैं।

(ii) शक्तियां और कमजोरियां

➢ **शक्तियां**

अवसंरचना के क्षेत्र में सरकार द्वारा विशेष ध्यान दिए जाने के कारण, सड़क तथा राजमार्ग नेटवर्क के और अधिक विस्तारित होने की संभावना है जिसमें अधिक से अधिक निवेश होगा। सड़क यातायात में अच्छे विकास से भारत सरकार के ''मेक इन इंडिया'' द्वारा प्राथमिकता क्षेत्रों के विकास के लिए प्रोत्साहन मिलेगा और औद्योगिक गलियारों के कारण बेहतर संड़क संपर्कता और यातायात के सुगम प्रवाह की मांग बढ़ेगी। अगले दो वर्षों में अधिक आर्थिक और औद्योगिक विकास के साथ राजमार्गों पर यातायात की विकास दर में वृद्धि होने की संभावना है। भारत में जनसंख्या में वृद्धि के साथ वर्ष 2020 तक सड़क यातायात की मांग में और वृद्धि होगी, जिसका अर्थ है कि इस क्षेत्र में और अधिक निवेश तथा अधिक प्रतिफल प्राप्त होगा।

कमजोरियां

(i) प्रकृति में परिवर्तन का नुकसार है।.

(ii) राजमार्ग के निर्माण से संबंधित परियोजनाओं में समय पर आउटपुट प्रदान करने के संबंध में कुशलता की समस्याएं होती हैं।

(iii) पेट्रोलियम उत्पादों तथा प्राकृतिक सामग्रियों की कीमतों में वृद्धि के कारण असंभावित लागत वृद्धि।

(iii) **अवसर तथा जोखिम**

➢ **अवसर**

(i) सड़कों और राजमार्गों पर निरंतर बढ़ते वाहनों के कारण प्रचालनों में स्थिरता और विकास हुआ है तथा संबंधित लाभप्रदत्ता बढी है।

(ii) राजमार्ग परियोजनाओं के लिए अनुमानित लाभ-लागत विश्लेषण मॉडल के विकास से अन्य सेवाओं की तुलना में दीर्घकालीन अवधि में संभावित राजस्व (टोल आय) में वृद्धि में सहायता मिलेगी।

- **जोखिम**

(i) राजमार्ग परियोजना के क्रियान्वयन में विलंब से न केवल परियोजना लागत में वृद्धि होगी बल्कि सीमित रियायत अवधि और ब्याज भुगतानों के संवर्धित बोझ के कारण राजस्व भी प्रभावित होंगे।

(ii) बीओटी परियोजनाओं में, इनपुटों को अनुमानित स्तरों पर अनुरक्षित रखा जाना होता है और उतारचढाव की कम संभावना के साथ यातयात के पूर्वानुमानों को प्राप्त किया जाना होता है।

(iv) आउटलुक (परिदृश्य)

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) अपनी अग्रणी परियोजना ''राष्ट्रीय राजमार्ग विकास कार्यक्रम (एनएचडीपी)'' के अंतर्गत और अधिक राजमार्ग परियोजनाएं प्रदान करके तथा निजी भागीदारी को प्रोत्साहित करके और विकास के लिए सृजनात्मक प्रौद्योगिकियों के प्रयोग द्वारा निर्माण उद्योग को और बल प्रदान करेगा।

(v) जोखिम और चिंता

- कार्यनिष्पादन प्रबंधन एक चुनौतीपूर्ण कार्य है।
- निर्माण परियोजनाओं के लिए मौजूदा जोखिम आकलन मॉडल विकसित देशों में अनुसरण की जा रही पद्धतियों के अनुरूप नहीं हैं।

(vi) **प्रचालनिक कार्यनिष्पादन के संबंध में वित्तीय निष्पादन पर चर्चा**

धारक कंपनी के साथ परामर्श करते हुए कंपनी के निदेशक मंडल तथा वरिष्ठ प्रबंधन ने वित्तीय संरचना, प्रचालनिक राजस्व, लागतों और कंपनी के तुलनपत्र पर इसके परिणामों को दर्शाते हुए वित्तीय मॉडल विकसित किया है।

कंपनी वित्त वर्ष 2018-19 से 30 महीनों के अनुमानित समय के भीतर निर्माण कार्य पूरा हाने के पश्चात राजस्व का अर्जन आरंभ करेगी और ब्याज तथा मूल के पुनर्भुगतान का दायित्व अप्रैल 2018

से आरंभ होगा, जिससे कंपनी को धारक कंपनी से लिए गए 352 करोड़ रूपए के लिए ऋण के लिए पर्याप्त वित्तीय बचाव प्राप्त हो जाएगा।

वित्त वर्ष 2014-15 तथा वित्तीय वर्ष 2015-16 के कंपनी की तुलनात्मक वित्तीय स्थिति निम्नानुसार है:-

तालिका ।।।: वित्तीय परिणामों का तुलनात्मक विवरण

क्र.सं	**विवरण**	**31.03.16 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए परिणाम**	**31.03.15 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए परिणाम**
		अलेखापरीक्षित आंकड़े	**लेखापरीक्षित आंकड़े**
1.	टर्नओवर#	-	-
2.	अन्य आय	5,78,32,722	10,94,403
3.	**कुल आय (1 + 2)**	**5,78,32,722**	**10,94,403**
4.	कुल व्यय	**17,59,204**	**1,58,64,318**
5.	**कर पूर्व लाभ (3-4)**	**5,60,73,518**	**(1,47,69,915)**
6.	कर पश्चात लाभ	3,72,52,769	(1,08,57,298)
7.	**निवल संपत्ति**	**92,63,95,471**	**3,91,42,702**

*** नोट: सभी आय तथा व्ययों को संचित आधार पर रिकार्ड किया गया है और चालू प्रचालनिक व्यय शून्य है।**

(vii) नियुक्त लोगों सहित मानव संसाधन, औद्योगिक संबंधों में सामग्रीगत विकास

कंपनी के कार्यों, वित्तीय गतिविधियों और अनिवार्य अनुपालनों और प्रकटनों की व्यवस्था करने के लिए कंपनी ने मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ), मुख्य वित्त अधिकारी (सीएफओ) तथा कंपनी सचिव की नियुक्ति की है। तकनीकी विषयों के लिए, इरकॉन से कंपनी में एक उप प्रबंधक/सिविल को प्रतिनियुक्त किया गया है। इरकॉन से कंपनी में 13 अन्य कर्मचारियों को प्रतिनियुक्त किया गया है, जिन्हें बीकानेर, राजस्थान के परियोजना स्थल में तैनात किया गया है।

इसके अतिरिक्त, ईसीपी ठेकेदारों को भुगतान, लेखापरीक्षा और अन्य मुद्दों के सहयोक करनेके लिए इरकॉन पीबीटीएल में संविदा आधार पर लेखा सहायक की नियुक्ति के लिए बोर्ड की अनुमति मांगी गई है।

कोई अन्य नियुक्तियां, किसी निर्णय पर पहुंचने से पूर्व अनिवार्य अर्हताओं तथा कौशलों और क्षमता मापदंडों को ध्यान में रखते हुए बोर्ड की नामांकन और पारिश्रमिक समिति (गठन पर) के साथ अपेक्षाओं के आधार पर की जाएंगी।

अनुबंध – II

फॉर्म सं.एमजीटी 9

वार्षिक रिटर्न का सार

31.03.2016 को समाप्त वित्त वर्ष हेत

[कंपनी अधिनियम, 2013 के अनुच्छेद 92(3) तथा कंपनी (प्रशासन और प्रबंधन) नियम, 2014 के नियम 12(1) के अनुसरण में]

I. पंजीकरण और अन्य ब्यौरा:

1.	**सीआईएन**	यू45400डीएल2014जीओआई272220
2.	**पंजीकरण तिथि**	30.09.2014
3.	**कंपनी का नाम**	इरकॉन पीबी टोलवे लिमिटेड
4.	**कंपनी की श्रेणी/उपश्रेणी**	शेयरों द्वारा कंपनी लिमिटेड/केन्द्रीय सरकार की कंपनी (इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी)
5.	**पंजीकृत कार्यालय का पता व संपर्क ब्यौरा**	पता: सी-4, डिस्ट्रिक्ट सेंटर, साकेत, नई दिल्ली -110017, संपर्क न.29565666
6.	**कंपनी सूचीबद्ध है या गैर-सूचीबद्ध**	गैर-सूचीबद्ध कंपनी
7.	**रजिस्ट्रार तथा हस्तांतरण एजेंट, यदि कोई हो, का नाम तथा संपर्क ब्यौरा**	लागू नहीं

II. कंपनी की प्रधान व्यवसायिक गतिविधियां: (कंपनी की सभी व्यवसायिक गतिविधियों का उल्लेख किया गया है जो कंपनी के कुल टर्नओवर का 10 प्रतिशत या अधिक का योगदान करती हैं।)

